<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# इरेडा के सीएमडी को 'सीएमए आइकॉन 2025' पुरस्कार से सम्मानित किया; निदेशक (वित्त) को भी किया गया




नई दिल्ली, 23 जून, 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास को आज भारतीय लागत लेखाकार संस्थान द्वारा प्रतिष्ठित 'सीएमए आइकॉन 2025' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक, श्री सदानंद दाते ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह-2025 के दौरान प्रदान किया।

मई 2020 से इरेडा का नेतृत्व कर रहे श्री दास कलकत्ता विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक और जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, भुवनेश्वर से प्रबंधन स्नातकोत्तर हैं। वे इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फेलो और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के एसोसिएट सदस्य हैं। वे वित्त, बैंकिंग, कॉर्पोरेट प्रशासन, लेखा परीक्षा, संसाधन जुटाने और विनिवेश के क्षेत्र में 38 से अधिक वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ, वे कई प्रतिष्ठित संगठनों में नेतृत्व की भूमिका निभाई है।







इस अवसर पर, श्री दास ने नए सीएमए को एक प्रेरक संदेश दिया, जिसमें उन्हें पेशेवर और व्यक्तिगत सफलता के लिए 'डीएएस' सिद्धांत - अनुशासन, दृष्टिकोण और सरलता - को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सीएमए रैंक-धारकों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए पदक भी प्रदान किया।




इसके अतिरिक्त, इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती को पेशे में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए भारतीय लागत लेखाकार संस्थान द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

श्री दास ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, "मैं अपने पेशेवर संस्थान से यह सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। मैं इस सम्मान के लिए भारतीय लागत लेखाकार संस्थान को तहे दिल से धन्यवाद देता हूँ और यह पुरस्कार इरेडा की टीम और अक्षय ऊर्जा बन्धुत्व को समर्पित करता हूँ, जोकि हरित, सतत भारत के निर्माण की दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं।"